# प्रेस नोट - थाना तिलहर

## जनपद शाहजहाँपुर

## सराहनीय कार्य दिनांक – 29.08.2026

## थाना तिलहर पुलिस टीम द्वारा मोबाइल छिनैती की घटना का सफल अनावरण, 01 बाल अपचारी को छीने गए मोबाइल फोन सहित पुलिस अभिरक्षा में लिया गया

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध शराब एवं शस्त्रों की बिक्री तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) महोदय के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी तिलहर के कुशल पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक थाना तिलहर के कुशल नेतृत्व में थाना तिलहर पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

**संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 28.08.2026 को वादी द्वारा थाना स्थानीय पर तहरीर प्रस्तुत की गई, जिसमें मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वादी का मोबाइल फोन NARZO REALME, IMEI नं0 860318075267638 व 860318075267620 छीनकर भाग जाने के संबंध में उल्लेख किया गया। उक्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में संकलित साक्ष्यों, तकनीकी विश्लेषण एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर दिनांक 29.08.2026 को गठित पुलिस टीम द्वारा उक्त घटना में संलिप्त 01 बाल अपचारी को चिन्हित कर विधिक प्रावधानों के अनुरूप समय 13.25 बजे मय छीने गये 01 अदद एण्ड्रायड मोबाइल फोन के साथ पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। बाल अपचारी को थाना स्थानीय स्थित बाल मित्र कक्ष में नियमानुसार रखा गया तथा उसके साथ किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप व्यवहार सुनिश्चित किया गया। तत्पश्चात आवश्यक विवेचनात्मक कार्यवाही पूर्ण करते हुए बाल अपचारी को नियमानुसार किशोर न्याय बोर्ड, शाहजहाँपुर के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**पंजीकृत अभियोग का विरण -**

मु0अ0सं0 455/26 धारा 304(2)/317(2) बीएनएस थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।

**बरामदगी का विवरणः-**

01 अदद मोबाइल मोबाइल फोन ANDROID NARZO REALME।

**अभिरक्षा में लेने वाली पुलिस टीम का विवरणः-**

1. उ0नि0 कर्णपाल सिंह थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।
2. उ0नि0 रमेश कुमार वर्मा थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।
3. का0 धर्वेन्द्र कुमार थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।
4. का0 विनय कुमार थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।
5. का0 अमित ढाका थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।